MHRD’s “Rajbhasha Shield” to Tezpur University

Northeast India’s most sought after Higher Learning Institution Tezpur University has brought another good news to the state. In a function held yesterday at Vigyan Bhawan, New Delhi, Hon’ble Minister of State for Ministry of Human Resource and Development(MHRD) Dr. Mahendra Nath Pandey presented Tezpur University the Prestigious “Rajbhasha Shield” award for the year 2015-16 for best implementation of the Official Language Hindi. Prof. Dhruba Kumar Bhattacharrya, Dean, Academic Affairs and Mr. Kul Prasad Upadhyay, Hindi Officer of the University received the award.

शैक्षिक जगत में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में समर्थ तेजपुर विश्वविद्यालय को राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए भी सम्मानित किया गया है। भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली की ओर से राजभाषा हिंदी के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए वर्ष २०१५-१६ का राजभाषा शील्ड तथा 'ग' क्षेत्र का प्रथम पुरस्कार तेज़पुर विश्वविद्यालय को प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार आज दिनांक २२ मई २०१७ को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित मानव संसाधन विकास मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री श्री महेंद्र नाथ पाण्डे के कर कमलों से प्रदान किया गया। पुरस्कार ग्रहण करने के लिए तेज़पुर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मामलों के संकायाध्यक्ष प्रोफ़ेसर ध्रुव कुमार भट्टाचार्य और विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी कुल प्रसाद उपाध्याय उपस्थित थे।